हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 16.3 डिग्री

14 दीपों से जगमग हुआ गोकर्ण तीर्थ


14 टैलेंट ट्री स्कूल में बच्चों ने दिये सजाए और बनाई सुंदर ...


SANGWAN INTERNATIONAL SCHOOL
EDUCATION BEYOND YOUR THOUGHTS
C.B.S.E. AFF. NO. 532014
साँगवान इंटरनेशनल स्कूल
(A Co-Educational English Medium CBSE Affiliated School Nur. to XII All Streams)
School runs under the Leadership of
MR. RAJESH SANGWAN (Chairman)
Ex. Petty Officer, Indian Navy
20 Years of Exp. in Defence Job Placement
दीपावली एवं भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
MANISHA SANGWAN
PRINCIPAL
NEAR MAKRAULI TOLL PLAZA, OPP. HANUMAN MANDIR, CHAMARIYA ROAD, ROHTAK-124001, For Contact : 7082001082, 84

## दिल्ली-सिरसा रूट पर चलने वाली बसों के लिए महम, सांपला और रोहतक स्टैंड पर मोहर व हस्ताक्षर जरूरी

**रोहतक।** हरियाणा राज्य परिवहन महानिदेशक के आदेश पर अब दिल्ली से सिरसा की ओर चलने वाली सभी बसों के लिए महम, सांपला और रोहतक बस स्टैंडों पर स्टैंड इंचार्ज की मोहर और हस्ताक्षर अनिवार्य कर दिए गए हैं। मुख्यालय से जारी पत्र में रोडवेज महाप्रबंधक ने संबंधित डिपो महाप्रबंधकों, शाखा प्रभारियों और चालकों को निर्देश भेजे हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि दिल्ली से हिसार सिरसा मार्ग पर कार्यरत सभी चालकों और परिचालकों को यात्रा के दौरान निर्धारित बस स्टैंड सांपला, रोहतक और महम पर स्टैंड इंचार्ज की मोहर और हस्ताक्षर अवश्य करवाने होंगे। सभी शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीन कर्मचारियों को इसकी जानकारी दें। यह सुनिश्चित करें कि टिकट समय पर बनाए जाएं तथा सभी औपचारिकताएं पूरी हों। यदि कोई चालक या परिचालक यात्रा के दौरान संबंधित स्टैंडों पर मोहर और हस्ताक्षर नहीं करवाता है तो उसके खिलाफ रिपोर्ट बनाकर यातायात शाखा को भेजी जाएगी। आदेश की प्रति सभी संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है ताकि निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो सके।

डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल
दिल्ली रोड़, नजदीक अस्थल बोहर, रोहतक
की ओर से आप सभी को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
ADMISSION OPEN
No Admission Fee* for PRE-KG to CLASS-I
Registration for Admission Open
Special Discount to EARLY BIRDS
For Admission, Please Contact :
70820-60555

## फिजियोथेरेपी कैंप लगाया

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर दिवाली के अवसर पर फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें अपने जोड़ों के दर्द का इलाज करवाने 82 मरीज पहुंचे। सभी मरीजों का पहले उपचार किया, इसके पश्चात कैंप के समापन के मौके पर सभी को दिवाली की बधाई दी। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि सेंटर की तरफ से दिवाली के पर्व पर निर्णय किया गया था कि दिवाली का पर्व फ्री कैंप लगाकर मनाया जाएगा। जिसकी सूचना सांघी गांव और आसपास के गांव के लोगों में पहले ही पहुंचा दी गई थी। जिसके बाद रविवार को आयोजित कैंप में 82 मरीज पहुंचे।

Adhyayan Aastha Anushasan
THE AARYAN GROUP
Emphasises upon "Deep Learning Through Faith and Discipline"
CO-EDUCATIONAL ENGLISH MEDIUM SCHOOLS
The Aaryan Global School
CBSE Affiliation No. 531654
7 K.M. Stone Jhajjar Road, Rohtak
tags418@gmail.com / www.tagsrtk.edu.in
M.7082209901, 7082209903
Wish you a Happy Diwali
The Aaryan Public School
CBSE Affiliation No. 530793
Lakhan Majra, Rohtak
theaaryanpublicschool@gmail.com | www.theaaryanpublicschool.edu.in
M. 9254343005, 9254343004

MDN PUBLIC SCHOOL ROHTAK
शुभ दीपावली
Admissions Open
For Session 2026-27
CONTACT US
MDN Public School, Near New Bus Stand, Rohtak - 124 001
+91-9306439884 | +91-9254353404
www.mdnpublicschool.com


HYUNDAI
आप सभी को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सृष्टि हुण्डई रोहतक, महम, सांपला

जिला रोहतक भट्टा एसोसिएशन
सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
अखिल नारंग, प्रधान, M. 9896350053
नरेन्द्र दलाल, उप- प्रधान, M. 9812029999
कुलदीप दहिया, उप प्रधान, M. 9416054869
दिलबाग सिंह दांगी, चेयरमैन, M. 9992565000
सुन्दर तोमर, जनरल सेक्रेटरी, M. 9671300300
पं. ब्रजमोहन शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष, M. 9215891999

Giriraj Jewellers
A NAME OF TRUST AND TRADITIONS
शुभ लाभ
Giriraj Jewellers
A legacy of Trust and Tradition - Estd. 1987
दीपावली एवं गोवर्धन पूजा व भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
UPTO 50% OFF on Making Charges of Selected Gold Jewellery
UPTO 25% OFF on Diamond Jewellery
IGI Certified Diamond jewellery
HEMANT BAKSHI
CHANDAN BAKSHI | RAJAT BAKSHI
100% Hallmark Jewellery
Railway Road, Lal Cloth Market, Near Bhiwani Stand, Rohtak, M. 9896349000

# किसानों का धान न बिकने से दीपावली रहेगी फिकी जिनकी बिक चुकी उनके पेमेंट भी अभी तक अटकी

**रोहतक।** मंडियों में इस बार धान की खरीद को लेकर किसानों में भारी नाराजगी है। कई किसानों का कहना है कि वे मंडी में धान लेकर आए हुए एक से दो हफ्ते से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अभी तक सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है। इससे उनकी दीपावली फीकी पड़ गई है, क्योंकि जब तक खरीद नहीं होगी, तब तक भुगतान भी संभव नहीं है। किसानों का कहना है कि वे मंडियों में 250 से 350 क्विंटल तक धान लेकर आए हैं, लेकिन खरीद एजेंसियां बार-बार अलग-अलग कारण बताकर खरीद टाल रही हैं।







## दीपों से जगमग हुआ गौकर्ण तीर्थ



# श्रद्धालुओं ने गौकर्ण तीर्थ पर घी के दिए जलाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दीपावली के पावन अवसर पर डेरा श्री बाबा लक्ष्मण पुरी, गौकर्ण तीर्थ रोहतक पर दीपोत्सव करते हुए उप आचार्य महामंडलेश्वर गौकर्ण पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कपिलपुरी महाराज भगवान राम, सीता और लक्ष्मण 14 साल का वनवास पूरा करके रावण को हराकर अयोध्या लौटे, तो अयोध्यावासियों ने उनके स्वागत में घी के दीपक जलाए थे। इसी उपलक्ष्य में यह पर्व मनाया जाता है। रोशनी के इस पावन और जगमगाते त्योहार पर, दीपों की चमक आपके जीवन को रोशन करे और आपको आनंद, समृद्धि और खुशियां प्रदान करे। शुभ दीयों की चमक और पवित्र मंत्रों के साथ, आपके जीवन में हमेशा खुशियां और समृद्धि बनी रहे ।

### त्योहारों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती

# जिले में बिना लाइसेंस चल रही दुकानों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दीपावली पर मिठाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस बार त्योहार से पहले ही पूरी तैयारी कर ली है। विभाग की टीमें लगातार बाजारों का निरीक्षण कर रही हैं ताकि मिलावटखोरी या घटिया क्वालिटी की मिठाइयां लोगों की थाली तक न पहुंच सकें। दीपावली पर सबसे ज्यादा खपत दूध, मावा और घी से बनी मिठाइयों की होती है, इसलिए विभाग ने इन्हीं उत्पादों पर विशेष निगरानी बढ़ाई है।



रोहतक। खाद्य पदार्थों का सैंपल लेता अधिकारी।

## 45 सैंपल जांच के लिए भेजे

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बार निरीक्षण पहले से ज्यादा सख्ती के साथ किया जा रहा है। अब तक शहर और आसपास के क्षेत्रों से 45 सैंपल जांच के लिए लिए जा चुके हैं। इन सैंपलों को प्रयोगशाला में भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किन मिठाइयों की क्वालिटी मानक पर खरी नहीं उतरी। विभाग का कहना है कि जो भी सैंपल फेल होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवई जारी रहेगी

नकली मिठाई बनाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई जारी है। मिलावट करने वाले हलवाईयों व दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। सैंपल लैब में भेज दिए गए है, जल्द ही रिपोर्ट आने पर जांच की जाएगी। फिलहाल 45 से ज्यादा सेंपल भेजे जा चुके हैं। अभी भी निगरानी जारी है। -डॉ. **योगेश कादयान**, खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## मिठाइयों में मिलती है मिलावट की शिकायतें

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दीपावली के दौरान मिठाइयों की बिक्री में कई गुना इजाफा होता है। मांग बढ़ने के कारण कुछ हलवाइयों द्वारा घटिया मावा, नकली घी या सस्ते रंगों का इस्तेमाल करने की शिकायतें आती रहती हैं। ऐसे मामलों को रोकने के लिए टीमें अचानक छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने और तैयार की जा रही मिठाइयों में किसी भी तरह की मिलावट से बचने की सख्त हिदायत दी है।

## दुकानदारों के पास लाइसेंस होना जरूरी

विभाग की ओर से दुकानों और मिठाई निर्माताओं को यह भी कहा गया है कि उनके पास फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत लाइसेंस होना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस काम करते पाए जाने वालों पर जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग की ओर से शहर के विभिन्न बाजारों जैसे रेलवे रोड, दुर्गा भवन मंदिर के पास, डीपार्क व मॉडल टाउन में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। आम लोगों से अपील की है कि वे मिठाइयां खरीदते समय स्वच्छता का ध्यान रखें और पैक मिठाइयों पर निर्माण तिथि व लाइसेंस नंबर जरूर जांचें। अगर किसी दुकान पर संदिग्ध मिठाई या मिलावटी उत्पाद की बिक्री होती दिखाई दे तो सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग को दें।










## टैलेंट ट्री स्कूल में बच्चों ने दिये सजाए और बनाई सुंदर व आकर्षक रंगोली



**महम।** रंगोली बनाते टैलेंट ट्री स्कूल महम के विद्यार्थी।

**महम।** टैलेंट ट्री स्कूल महम में दीपावली का त्यौहार बड़े ही उत्साह से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। अलग-अलग ग्रुपों में विभाजित बच्चों ने रंगोली, कैंडल डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन, पूजा थाली डेकोरेशन जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और आकर्षक हस्तनिर्मित सामान बनाए। बच्चों द्वारा तोरन एवं पेपर बैग लालटेन और दीपावली से संबंधित अन्य सजावटी सामान भी तैयार किए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बच्चों को दीपावली के महत्व से संबंधित एक प्रेरक उपदेश दिया। उन्होंने सभी बच्चों को पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने के लिए उत्साहित किया और अधिक साउंड वाले पटाखों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की। प्रधानाचार्य ने बच्चों को त्योहार को सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त तरीके से मनाने का संदेश दिया। बच्चों ने इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और खुशी के साथ त्यौहार मनाया। विद्यालय मैनेजमेंट से रेखा देवी ने सभी बच्चों एवं स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं दी।







## द आर्यन ग्लोबल स्कूल में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

**रोहतक।** शनिवार को द आर्यन ग्लोबल स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, पुष्पमालाओं और दीपों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण प्रकाशमय और उत्सवमय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों में दीया एवं मोमबत्ती सजावट, गणपति निर्माण पर्यावरण अनुकूल सामग्री से, रंगोली व फेस्टून निर्माण, कलश सजावट, मेंहदी कला, पेपर लालटेन निर्माण, स्वच्छता अभियान तथा पर्यावरण अनुकूल दीपावली पोस्टर निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

### छात्रों ने दिखाई सृजनात्मकता और टीम भावना

सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सृजनशीलता, टीम भावना और उत्साह देखते ही बनता था। रंग-बिरंगी सजावट और सुंदर प्रदर्शनों ने विद्यालय परिसर को एक सांस्कृतिक उत्सव स्थल का रूप दे दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके खन्ना एवं निदेशिका सुनीता अहलावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का सच्चा अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना है। हमें यह पर्व न केवल उत्सव के रूप में बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदूषण-मुक्त दीपावली मनाने और दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाने का संदेश दिया।



तापमान
अधिकतम 37.7 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 20 अक्टूबर 2025









# आर्य स्कूल मदीना में लगाया दीपावली मेला, एसडीएम ने दी शुभकामनाएं

**महम**। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में दीपावली मेला आयोजित किया गया। इस मेले में एसडीएम मुकुंद तंवर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। जबकि बीईओ सरिता खनगवाल, अंतर राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल, पेज होट के मैनेजर आर्यन मलिक, सामाजिक कार्यकर्ता संदीप जाखड, योगेश, इंद्रजीत व ग्लोबल मोटर्स के प्रबंधक सतपाल नरवाल बतौर ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। एसडीएम मुकुंद तंवर ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को परिश्रम के करने और बुराइयों से बचने के लिए प्रेरित किया। हरियाणवी अदाकारा सोनिका सिंह ने विद्यालय के बच्चों के साथ नृत्य करके सभी की धड़कनों को तेज कर दिया। बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हुई कलाकृतियों को मेले में दिखाया।



**महम**। दीपावली मेले में एसडीएम मुकुंद तंवर का स्वागत करते आर्य स्कूल मदीना के प्रिंसिपल अशोक दांगी, डायरेक्टर लक्ष्य दांगी व छात्राएं।

## कार्यक्रम के अंत में लक्की ड्रा निकाला

दर्शकों ने सुंदर-सुंदर कलाकृतियों को अपने घर में सजाने के लिए खरीदा। चाइल्ड कॉर्नर में 5 साल तक के बच्चों ने अपने मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। इसके साथ ही गरीब बच्चों के लिए विद्यालय व गांव के बच्चों ने अपने उपयोग योग्य पुराने जूते कपड़े खिलौने वह अन्य सामान दान में देकर पुण्य कमाया। कार्यक्रम के अंत में लक्की ड्रा निकाला गया। जिसमें विजेताओं को साइकिल, डिनर सेट ,कंबल, प्रेस, दीवार घड़ी ,लंच बॉक्स दिए गए। प्रिंसिपल अशोक दांगी ने बताया कि यह मेला बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए लगाया गया, ताकि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ व्यापारिक रुचि लें व अपने गुणों को समझ प्रदर्शित कर सकें।

# सांपला में नियमों को ताक पर रख बिक रहे पटाखे

**सांपला**। दीपावली पर ग्रीन पटाखों की बिक्री के आदेशों के बाद प्रशासन द्वारा भी पटाखे बेचने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं, सांपला में प्रशासनिक नियम व आदेशों को धत्ता बताते हुए भरे बाजार में भी पटाखों की खुली बिक्री हो रही है। ये सब पुलिस प्रशासन के सामने बिक रहे हैं। वहीं इस पर भी बड़ा सवाल यह है कि अनुमति ग्रीन पटाखे बेचने की है और इनकी आड़ में बेचने दूसरे पटाखे जा रहे हैं। जबकि प्रशासन द्वारा इसे लेकर कई नियम लागू किए गए हैं। बीते दिनों तक पटाखों पर जहां पूर्ण रूप से ही रोक लगाई गई थी, वहीं अब न्यायालय द्वारा ग्रीन पटाखों को लेकर छूट दे दिए जाने के बाद प्रशासन ने भी इन्हें बेचने के लिए खुले स्थान निर्धारित कर दिए।
















# संकट मोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर किया ध्वजारोहण



रोहतक। हनुमान जन्मोत्सव पर ध्वजारोहण और पूजा अर्चना करते मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता अरविन्द कोहली, साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन।

**पवन पुत्र हनुमान जी को आकर्षित लाइट व फूलों से सजाया गया था**

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री की कृपा से कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि रविवार 19 अक्टूबर को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास से मना। पवन पुत्र हनुमान जी को आकर्षित लाइट व फूलों से सजाया गया था। प्रात 9:00 बजे मुख्य अतिथि गुरुग्राम से भाजपा वरिष्ठ नेता अरविन्द कोहली ने भक्तिभाव और श्रद्धापूर्वक ध्वजारोहण किया। उन्होंने हनुमान जी का पूजन किया। तत्पश्चात कीर्तन और गुरुमां साध्वी मानेश्वरी देवी के प्रवचन हुए। इस अवसर पर हनुमान जी 31 किलो का लड्डू और हनुमान जी का प्रिय 56 प्रकार के मिष्ठान आहार का भोग लगाया गया जिसमें इमरती, चुरमा, गाजर का हलवा, मोतीचूर व गुड के लड्डू, आनार, पेठा आदि थे। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।एडवोकेट पी.एन. कथूरिया ने मुख्य अतिथियों को हनुमान जी की प्रतिमा और स्मृति चिह्न भेंट किया। भक्तों ने झंडे को सलामी दी और हनुमान जी का गुणगान किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित हुआ।

■ **भक्तों ने झंडे को सलामी दी**


## वर्ष में दो बार आता हैं हनुमान महोत्सव : साध्वी मानेश्वरी देवी

परमश्रद्धेया साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि हनुमान महोत्सव वर्ष में दो बार मनाया जाता है प्रथम हनुमान जन्मोत्सव चैत्र की पूर्णिमा को मनाई जाती है यह दिन हनुमान जी के बोध दिवस के रूप में भी मनाया जाता है इसलिए इसे अध्यात्मिक जगत के साथ जोड़ा गया है। दूसरा दीपावली से पूर्व जिसे कार्तिक चौदस का नाम देते हैं। इस दिन हनुमान जी ने पृथ्वी पर मानव रूप धारण किया था। इस रूप में हनुमान जी ने मानव कल्याणार्थ कार्य किए। उन्होंने धर्म की रक्षा कर मानव मूल्यों को नई दिशा दी थी। इसे विजय अभिनंदन के तौर पर मनाया जाता है क्योंकि हनुमान जी ने भगवान श्रीराम को रावण पर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि अंजली पुत्र हनुमान भगवान भोलेनाथ के रुद्र अवतार हैं। हनुमान जी की माता सीता ने अमरता का वरदान दिया था, इसलिए कलियुग में हनुमान जी ऐसे देवता हैं जो आज भी जीवित हैं. जो सच्चे मन से इनका सुमिरन करता है ये उसकी सारी चिंताएं हर लेते हैं। हनुमान जी राम भक्त हैं और इन्हें संकट मोचन भी कहा जाता है।




































# दीपावली पर बाजार हुए गुलजार व्यापारियों के चेहरे भी खिले

## आज दोपहर 3:44 बजे से अमावस्या शुरू, कल शाम 5:54 बजे तक रहेगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दीपावली की पूर्व संध्या पर रविवार को रोहतक शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। पूरा दिन खरीदारी करने वालों की भीड़ से बाजार गुलजार रहे। मॉडल टाउन, रेलवे रोड, किला रोड, डी-पार्क, सेक्टर-1 में लोगों की भारी आवाजाही के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। त्योहारों के इस सीजन में धनतेरस के बाद छोटी दीपावली पर भी बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। ज्वैलरी, कपड़ा, रेडीमेड, स्वीट्स और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों के चेहरों पर मुस्कान झलक रही थी। एक ज्वैलर ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। रेडीमेड बाजार और मिठाई दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सांझ होते-होते बाजारों की रोशनी और लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।

### छोटूराम चौक से डी-पार्क तक लगा जाम

त्योहार की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए। छोटूराम चौक और आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की गई, लेकिन दोपहर बाद जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस लाइन और सिविल रोड से आने-जाने वाले वाहनों को डायवर्ट किया गया। चार पहिया वाहनों को बाजार क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई, जिससे पैदल खरीदारों को थोड़ी राहत मिली।

### ज्वेलरी व इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम पर ग्राहकों की भीड़

रोहतक के प्रमुख बाजारों सिविल रोड, रेलवे और मॉडल टाउन में इलेक्ट्रॉनिक्स व ज्वैलरी के शोरूम पर खरीददारी का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, मोबाइल और सोने-चांदी के गहनों की बिक्री जोरों पर रही। एक इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी ने बताया कि ग्राहकों की भीड़ इतनी रही कि स्टॉक खत्म होने की स्थिति बन गई। इस बार लोग खासतौर पर सोलर लाइट और डेकोरेटिव आइटम्स की खरीददारी कर रहे हैं।

### पटाखों के गोदामों और स्टालों पर भी भीड़

त्योहार की तैयारी के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में पटाखों की बिक्री भी जोरों पर रही। गांधी कैंप, कैलाश कॉलोनी, और मिल गेट क्षेत्र में बने अस्थायी पटाखा बाजारों में देर शाम तक भीड़ लगी रही। लोगों ने बच्चों के लिए फुलझड़ियां, अनार, चकरी और इको-फ्रेंडली पटाखे खरीदे।

### पंडित ने बताया शुभ मुहूर्त

पंडित संदीप झा के अनुसार इस वर्ष कार्तिक अमावस्या 20 अक्टूबर (सोमवार) को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से आरंभ हो रही है, जबकि 21 अक्टूबर (मंगलवार) को शाम 5 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि माता लक्ष्मी अमावस्या की रात्रि में प्रदोष काल और निषीथ काल में भ्रमण करती हैं, इसलिए लक्ष्मी पूजा इन्हीं कालों में करना अत्यंत फलदायी माना गया है।

## दीपावली पर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कड़ी

**रोहतक।** दीपावली पर्व को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। इसी क्रम में डॉग स्क्वाड टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बम डिफ्यूज टीम ने भी स्टेशन के हर हिस्से में जाकर गहन जांच की, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या सामग्री को रोका जा सके। चेकिंग अभियान के दौरान जोगिंदर सिंह एसआई, कप्तान ईएसआई, सतीश एएसआई और आरपीएफ के सुरजीत सिंह मौके पर मौजूद रहे। पूरी टीम का नेतृत्व डॉग स्क्वाड इंचार्ज सुरजीत सिंह ने किया। टीम ने प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, रिजर्वेशन ऑफिस, पार्सल घर, ट्रैक के किनारे और स्टेशन के बाहरी परिसर तक गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। डॉग स्क्वाड के प्रशिक्षित कुत्तों ने हर बैग और संदिग्ध जगह की सूंघकर जांच की। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली जैसे त्योहारों पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ जाती है, जिसके चलते सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ या प्रतिबंधित सामान स्टेशन परिसर में न पहुंच सके।

- **डॉग स्क्वाड और बम डिफ्यूज टीम ने की जांच**

इनेलो के प्रति जनता का बढ़ा विश्वास

## अभय चौटाला मेरे राजनीतिक गुरु : मंजीत कन्हेली



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते इंडियन नेशनल लोकदल के युवा प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल के युवा प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस से प्रदेश की जनता का मोह भंग हो चुका है और इनेलो पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला 36 बिरादरी के लोकप्रिय नेता है और उनके राजनीतिक गुरू भी है। यह बात उन्होंने मैना पर्यटक केन्द्र में आयोजित दीपावली महोत्सव समारोह में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही। साथ ही उन्होंने दीपावली, भैयादुज व गौवर्धन की भी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी और त्यौहारों को प्रेम भाईचारे की भावना के साथ मनाने की भी अपील की।

### इनेलो: गरीबों की आवाज

इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि इनेलो पार्टी ताऊ देवीलाल व चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की विचाराधार पर आगे बढ़ रही है और हमेशा ही गरीब मजदूर व कमेरे वर्ग की आवाज बनी है। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा व कांग्रेस घबरा गई है। प्रदेश में विपक्ष की सही मायने में भूमिका इनेलो पार्टी ही निभा रही है और सड़क से लेकर विधानसभा तक लोगों की आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को लूटा और अब भाजपा भी उसी कदम पर आगे बढ़ रही है। हर वर्ग सरकार की नीतियों से पूरी तरह से परेशान है और बदलाव का मन बना चुका है।

# एमटीएफसी संस्था में दीपावली पर सोलर सिस्टम व दो नए स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दीपावली के पावन अवसर पर स्थानीय कन्हेली रोड स्थित एमटीएफसी संस्था द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश जैन रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व महापौर मनमोहन गोयल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम नाथ शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य मीनाक्षी ढ़ल ने संभाला। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अतिथियों का तिलक व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों ने दीपावली पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान राजेश जैन द्वारा एमटीएफसी संस्था में स्थापित सोलर सिस्टम का उद्घाटन किया गया। साथ ही, उन्होंने नेहरू कॉलोनी और शीतल नगर में दो नए निःशुल्क स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स का शुभारंभ किया, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



**रोहतक।** कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश जैन,पूर्व महापौर मनमोहन गोयल व श्याम नाथ शर्मा

### दीपावली का संदेश-खुशियां बांटने का पर्व

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनमोहन गोयल ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि एकता, पर्यावरण और प्रेम का प्रतीक पर्व है। हमें मिलजुलकर प्रदूषण-मुक्त दीपावली मनानी चाहिए। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कहा, त्योहारों का असली आनंद तभी है जब हमारी वजह से किसी जरूरतमंद के जीवन में खुशियां आएं।

### 700 बच्चों को दिए दीपावली उपहार

दीपावली के इस शुभ अवसर पर राजेश जैन द्वारा 700 बच्चों को दीपावली उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में पठानिया पब्लिक स्कूल का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने बच्चों के आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की।

### कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

इस अवसर पर गणपत शर्मा, नरेश जैन, प्रेम चंद बंसल, राम दया बंसल, कृष्णा ढ़ल, पुष्कल तायल, वंदना तायल, अमित नागपाल, सुंदर जेटली, सुशील प्रजापति, अनूप बंसल, श्याम लाल कौशल, प्रवीन फौगाट, पंकज गर्ग, सुभाष गुप्ता, गुलशन, राज कुमार, पवन गहलोत सहित संस्था के सदस्य एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 20.10.2025 से 22.10.2025 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सान. | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं हरदोई |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया | 00:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कोसी कलां, मथुरा जं., आगरा कैंट, धौलपुर, ग्वालियर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जं., अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जं., डभौरा एवं शंकरगढ़ |
| **दिनांक 21.10.2025 (मंगलवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02254 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिस अलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुल्तानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05576 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी |
| 03222 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., पटना साहेब और फतुहा, बख्तियारपुर जं., हरनौत, वेना, बिहार शरीफ, पावापुरी रोड एवं नालन्दा |
| 02310 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | राजेंद्रनगर (ट.) | 10:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. |
| **दिनांक 22.10.2025 (बुधवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04404 | शकूरबस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04406 | शकूरबस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04410 | शकूरबस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., सीतामढ़ी एवं शिशो |
| 04058 | नई दिल्ली | 13:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 14:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर., सीवान जं., छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी जं. |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद | 13:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें


इनैलो पार्टी जिन्दाबाद !
इनैलो पार्टी जिन्दाबाद !
इनेलो
Happy Diwali
FESTIVAL OF LIGHT
आप सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली, गोवर्धन व भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनजीत कन्हेली
प्रदेश सचिव इनेलो
हनुमान पहलवान लाडपुर
सुमित नांदल
सतेन्द्र सरपंच बालंद
योगेन्द्र मायना
सुनील छुड़ानी
अमित धनखड़ करौथा
बिजेन्द्र प्रधान कलावड़
दीपक सरपंच कलावड़
मुकुल श्योराण
President,
Hindu College RTK
विष्णु
Vice President,
Jaat College RTK
आलोक
President,
Jaat College RTK
विजय फौजी सुनारियां